# कार्यालय प्राचार्य, इंदिरा गाँधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सागर (म0प्र0)

(Declared Autonomous by Government of M.P.)
Phone: 07582-263896, Fax: 07582-263850, 263826
Email: dr.principalgec@rediffmail.com, - Website: www.igecsagar.ac.in


क्र0 / इ.म. / छात्रवृत्ति शाखा / 2025 / ........... / सागर, दिनांक :— 17 / 07 / 2025

## (NSP) पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) के संबंध में द्वितीय सूचना

भारत सरकार के निर्देशानुसार, संस्था में अध्ययनरत समस्त अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि, **जिन्हें पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता हैं, उन्हें वर्ष 2025—26 में** छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (NSP) पर **वन टाइम रजिस्ट्रेशन** (OTR) कराना अनिवार्य हैं। एवं MPTAASC पोर्टल पर छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करते समय OTR नंबर दिया जाना अनिवार्य हैं। इसके बिना छात्रवृत्ति के लिए MPTAASC पोर्टल पर आवेदन नहीं कर पायेंगे। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त कार्य **अंतिम तिथि 30 जुलाई के पूर्व आप स्वयं के द्वारा अथवा MP Online के माध्यम से करवा सकते हैं।**

**संलग्न — NSP पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया।**

Sd
प्राचार्य,
इंदिरा गाँधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय
सागर (म0प्र0)

पृ. क्र0 / इ.म. / छात्रवृत्ति शाखा / 2025 / 1480 / सागर, दिनांक :— 17 / 07 / 2025

प्रतिलिपि :— निम्नांकित की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. समस्त विभागाध्यक्ष, (CE, ME, EC, EE, IT), इंदिरा गाँधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय सागर की ओर विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमों से अवगत करवाने हेतु।
2. प्रभारी वेबसाईट की ओर वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
3. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

17-7-25
प्राचार्य
इंदिरा गाँधी इंजीनियरिंग महाविद्यालय
सागर (म0प्र0)

17.07.2025

# नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (NSP) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) की प्रक्रिया

क) **प्रथम चरण :-**

प्रथम चरण में विद्यार्थियों को OTR हेतु रेफरेंस नंबर प्राप्त करना होगा जिसके लिये उनके द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही सम्पन्न की जानी होगी -

1. रेफरेंस नंबर नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल की वेबसाइट अथवा मोबाइल पर NSP OTR मोबाइल एप डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।
2. भारत सरकार की NSP वेबसाइट पर जाकर होम पेज पर प्रदर्शित Get your OTR के नीचे प्रदर्शित विकल्प Apply Now पर क्लिक करें।
3. विद्यार्थियों हेतु विंडो प्रदर्शित होगी जिस पर Register yourself पर क्लिक कर चाही गयी आवश्यक जानकारियां भरनी होगी।
4. उपरोक्त कार्यवाही किये जाने हेतु विद्यार्थी के पास उसका आधार नंबर और आधार में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।
5. आधार से बैंक खाता DBT मोड पर लिंक होना आवश्यक है।

उपरोक्तानुसार वांछित जानकारी दिये जाने के पश्चात् विद्यार्थी का रेफरेंस नंबर प्राप्त हो जाएगा जिसके आधार पर विद्यार्थी OTR की प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे।

ख) **द्वितीय चरण :-**

रेफरेंस नंबर प्राप्त करने के पश्चात् वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) की प्रक्रिया पूर्ण किया जाना है। OTR फेस ऑथेन्टिकेशन के द्वारा होना है जिसकी कार्यवाही निम्नानुसार सम्पन्न की जाएगी -

1. सर्वप्रथम मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से NSP OTR app एवं AadharFaceRD services app डाउनलोड कर इन्स्टॉल करें।
2. NSP एप पर eKYC by FaceAuth. पर क्लिक करें।
3. विद्यार्थी का रेफरेंस नंबर डालकर Send OTP के ऑप्शन पर क्लिक करें।
4. विद्यार्थी को उसका पर्सनल डाटा प्रदर्शित होगा जहां Proceed for face Authentication पर क्लिक करें।
5. मोबाइल का कैमरा अपने फेस के समक्ष लायें जिससे फेस ऑथेन्टिकेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी और आवेदक को उसका OTR नंबर प्राप्त हो जाएगा। OTR नंबर सुरक्षित रखें। MPTAASC पोर्टल पर छात्रवृत्ति का आवेदन करते समय यह OTR नंबर दिया जाना अनिवार्य है।